इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, रविवार, 22 नवम्बर 2026

धन-समृद्धि से युक्त बड़े-बड़े राज्यों के राजा-महाराजों की तुलना भी उस चींटी से नहीं की जा सकती है जिसमें ईश्वर का प्रेम भरा हो।
-गुरुनानक देव

वर्ष 19 अंक 79 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12+4

तापमान - अधिकतम 29.2°C (+0.8) न्यूनतम 15.7°C(+3.0) सेंसेक्स 83,919.71 (+897.96) निफ्टी 25,800.60 (+286.30) सोना 1,25,230 चांदी 1,75,000 मुद्रा - डालर 92.66 दिरहम 25.23 रियाल 25.71

गीत संगीत व नृत्य के साथ खेलकूद गतिविधियों से गुलजार रहा एराफेस्टा

लखनऊ (सं)। एरा यूनिवर्सिटी का सांस्कृतिक और खेल उत्सव एराफेस्टा में छात्रों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। आठ दिनों तक चले इस आयोजन में संगीत, नृत्य, नाटक, खेल, साहित्यिक कार्यक्रम, फैशन, कला, खानपान और कई अन्य गतिविधियां शामिल थीं।



समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर एमेरिटस, कवयित्री और सामाजिक कार्यों से जुड़ीं प्रो. साबिरा हबीब मौजूद थीं। वहीं, गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर पृथ्वी इनोवेशन की संस्थापक और सस्टेनेबिलिटी, वेस्ट मैनेजमेंट तथा सर्कुलर इकोनॉमी की विशेषज्ञ अनुराधा गुप्ता शामिल हुईं। विभिन्न टीमों के बीच हुए कड़े मुकाबले के बाद फैकल्टी ऑफ एलाइड हेल्थ एंड साइंसेज की स्पार्टन्स टीम ने प्रतिष्ठित रनिंग ट्रॉफी अपने नाम की। फैकल्टी ऑफ साइंस की वॉरियर्स टीम के लिए भी जश्न का मौका था, वॉरियर्स के फजल को मिस्टर एराफेस्टा और फरीहा सैयदा को मिस एराफेस्टा चुना गया। उत्सव तालियों की गड़गड़ाहट, उत्साह और ऐसी यादों के साथ समाप्त हुआ, जो प्रतिभागियों और दर्शकों के दिलों में लम्बे समय तक बसी रहेंगी।